# Daily Current Affairs

Date : 19 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की प्रथम बैठक |
| 2. | 8वां राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025) |
| 3. | थैलेसीमिया कुटुंब योजना |
| 4. | पैलेस ऑन व्हील्स |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 17 सितम्बर से ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का शुभारम्भ<br>2. 75वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता<br>3. डॉ. सुनील तंवर<br>4. गंगा-भैरव घाटी में लेपर्ड सफारी |
| 6. | विश्वस्तरीय ब्लू पोर्ट्स अवसंरचना: भारत और FAO के मध्य समझौता |
| 7. | राष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन', 2025 |
| 8. | पुडुचेरी विधानसभा : 'कारोबार सुगमता विधेयक 2025' |
| 9. | यूरेशियन आर्थिक संघ (Eurasian Economic Union) |
| 10. | नरसंहार के अपराध की रोकथाम और दंड पर अभिसमय |
| 11. | मोजाम्बिक: चर्चित स्थल |
| 12. | आदि कर्मयोगी अभियान |
| 13. | निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 |
| 14. | सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति: जेंडर स्नैपशॉट 2025 रिपोर्ट |
| 15. | नमो ऐप |
| 16. | SECL विश्वकर्मा पुरस्कार, 2025 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 17. | 14वाँ सिराराखोंग हथेई मिर्च महोत्सव : मणिपुर |
| 18. | दोहा ISSF विश्व कप, 2025 : आठ भारतीय निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया |
| 19. | स्मृति मंधाना |
| 20. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. बिहार की पहली महिला फिडे मास्टर : मरियम फातिमा<br>2. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम<br>3. 11वाँ तस्करी और नकली व्यापार के विरुद्ध आंदोलन (MASCRADE), 2025 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की प्रथम बैठक



एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष

# 'पंच-गौरव' से राजस्थान में विकास की नई दिशा

## राज्य सरकार कार्यकाल के एक वर्ष पर प्रदर्शनी और 'पंच-गौरव' कार्यक्रम का शुभारम्भ

राजस्थान सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर, विभिन्न जिलों में "एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष" थीम पर प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया। वहीं समारोह में विकास पुस्तिका विमोचन के साथ-ही प्रदेशभर में पंच-मुखी विकास को बढ़ावा देने के लिए पंच-गौरव कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार हर जिले में एक उपज, एक वनस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल और एक खेल पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। इन पांच तत्वों को प्रत्येक जिले का पंच-गौरव माना जाएगा, जिससे स्थानीय संसाधनों और संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा और प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

**राजस्थान के 'पंच-गौरव'**

**उपज**

सीताफल, अजवाईन, आम, कलौंजी, मक्का, मेथी, किन्नू, ग्वारपाठा, गुलाब, सौंफ, गेंहू, संतरा, चना, प्याज, सरसों, धनिया, लहसुन,धान, आंवला, मटर, गाजर, शहद, आलू, तिल, अमरूद, इसबगोल, अनार, जीरा, पपीता, खजूर, मेहंदी

**प्रजाति**

बांस / बेम्बू, बील, सागवान, महुआ, तेंदू, नीम, पलाश, रोहिडा, शीशम, फोग, बकायन, बेर, जामुन, करंज, नीम, खेजड़ी, अमलतास, खैर, चिरोंजी, धोक, सागवान, अर्जुन, ढाक, लेसुआ, अरडू, गूगल, शीशम, कदम्ब, बरगद, पीपल, रोहिडा, पीलू जाल, महुआ, रोंझ

**उत्पाद**

ग्रेनाइट एवं मार्बल के उत्पाद, थेवा आभूषण, बीकानेरी नमकीन, कृषि आधारित उत्पाद, लकड़ी के उत्पाद, सरसों तेल, कपास के उत्पाद, क्वार्ट्ज एवं फेल्डस्पार पाउडर, टेक्सटाइल उत्पाद, पान मेथी (मसाला), स्लेट स्टोन के उत्पाद, कोटा डोरिया, गार्लिक प्रोडक्ट, चावल, कोटा स्टोन के उत्पाद, ऑटोमाबाईल पार्ट्स, पत्थर के उत्पाद, रत्नाभूषण, लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पाद, लकड़ी के फर्नीचर, फेल्डस्पाद के उत्पाद, ब्लॉक प्रिंटिंग आधारित उत्पाद, ब्लू पॉटरी, स्टोन आधारित उत्पाद, सेंडस्टोन के उत्पाद, खीरमोहन, अमरूद के उत्पाद, कशीदाकारी, टैक्सटाइल उत्पाद, लकड़ी के फर्नीचर, सोनामुखी के उत्पाद, मसाले, येलोस्टोन के उत्पाद

**खेल**

तैराकी, कबड्डी, हॉकी, फुटबाल, कुश्ती, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बास्केटबाल, वॉलीबाल, क्रिकेट, ताइक्वांडो, बॉक्सिंग, जिमनास्टिक

**पर्यटन स्थल**

फतेहसागर एवं पिछोंला झील, चित्तौड़गढ दुर्ग, बेणेश्वर धाम, त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, सीतामाता वन्यजीव अभ्यारण, कुम्भलगढ़, जयसमंद झील, करणी माता मंदिर, गोगामेड़ी मंदिर, सालासर बाजाजी मंदिर, हिन्दुमल कोट, बूढ़ा जोहड़, पुष्कर तीर्थ, केकड़ी पुराना शहर, टोडगढ़, मांडलगढ़ किला, जहाजपुर जैन मंदिर, मीराबाई स्मारक, तेजाजी मंदिर, डिग्गी कल्याण जी, चम्बल रिवर फ्रन्ट, रामगढ़ क्रटेर, तारागढ़ दुर्ग, गागरोन दुर्ग, सरिस्का टाइगर रिजर्व, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर, आमेर दुर्ग, लोहागर्ल, खाटू श्याम जी मंदिर, मनसा माता, सांभर झील, श्री दादूदयाल मंदिर, बैराठ, तिजारा जैन मंदिर, केवलादेव नेशनल पार्क, डीग महल, मचकुंड, कैलादेवी मंदिर, कुशालगढ़ लेक के बाबा खाटूश्याम मंदिर, रणथंभौर नेशनल पार्क, किराडू मंदिर, नाकोडा जैन मंदिर, मेहरानगढ़ दुर्ग, खींचन, रणखार, सुँधा माता मंदिर, ओरियाँ गाँव, जैसलमेर दुर्ग, रणकपुर जैन मंदिर, ओसियां

26 I जनवरी, 2025 (संयुक्तांक) • राजस्थान सुजस




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में हाल ही में जयपुर में राज्य स्तरीय पंच गौरव समिति की प्रथम बैठक आयोजित हुई।

## मुख्य बिन्दु:

- **फ्लैगशिप योजना :** पंच गौरव कार्यक्रम को आयोजना विभाग (राजस्थान) द्वारा 11 अप्रैल, 2025 को घोषित 25 फ्लैगशिप योजनाओं में शामिल किया गया है।
- **कार्यक्रम की घोषणा :** वर्ष 2025-26 के बजट में।
- **वित्तीय प्रावधान :** ₹550 करोड़।
- **कार्यक्रम की शुरुआत :** 17 दिसम्बर, 2024 को।
- **नोडल विभाग:** आयोजना विभाग (राजस्थान सरकार)
- कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के प्रत्येक जिले में उसकी विरासत एवं पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए "पंच गौरव" के रूप में प्रत्येक जिले में एक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक उपज, एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति, एक जिला- एक खेल एवं एक जिला-एक पर्यटन स्थल को चिह्नित किया गया है।
- पंच गौरव कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक जिले को प्रति वर्ष अधिकतम 5 करोड़ रूपये उपलब्ध करवाये जायेंगे।

### कार्यक्रम के उद्देश्य:

- जिले की आर्थिक, पारिस्थितिकी एवं ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण और संवर्धन करना।
- स्थानीय शिल्प, उत्पाद, कला को संरक्षण प्रदान करना एवं उत्पादों की गुणवता, विपणन क्षमता में सुधार एवं निर्यात में वृद्धि करना।
- स्थानीय क्षमताओं का वर्धन कर जिलों में स्थानीय रोजगार को बढ़ाकर जिलों से प्रवास को रोकना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- जिलों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करना।
- प्रमुख वनस्पति प्रजातियों का संरक्षण एवं इनके वैज्ञानिक व व्यावसायिक प्रयोगों को बढावा देना।
- खेलों के विकास के माध्यम से स्वास्थ्य में सुधार, रोजगार तथा पहचान सृजित करना।
- ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण स्थलों का संरक्षण करना एवं इन स्थलों पर वैश्विक स्तर की आधारभूत सुविधाएं विकसित करना।
- सभी जिलों में समान विकास को बढ़ावा देकर क्षेत्रीय विषमताओं / असंतुलन को कम करना।

**पंच गौरव प्रोत्साहन कार्यक्रम के जिला स्तर पर प्रभावी संचालन हेतु समिति:**

| क्र.सं. | अधिकारी | पद |
|---|---|---|
| 1. | जिला कलेक्टर | अध्यक्ष |
| 2. | जिला स्तरीय अधिकारी उद्योग, कृषि एवं उद्यानिकी, वन एवं पर्यावरण, खेल एवं युवा मामलात, पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग | सदस्य |
| 3. | जिला कलक्टर द्वारा नामित राजस्थान लेखा सेवा का अधिकारी | सदस्य |
| 4. | संयुक्त/उप निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी जिला कार्यालय | सदस्य सचिव |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 8वां राष्ट्रीय पोषण माह (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025)

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025 तक 'अष्टम राष्ट्रीय पोषण माह' का आयोजन किया जा रहा है।




## मुख्य बिन्दु:

- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित 7वें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 (8 से 22 अप्रैल, 2025) में राजस्थान ने सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। टोंक के पीपलू ब्लॉक में पिछले दो वर्ष के मुकाबले इस वर्ष आंगनबाड़ी के बच्चों की मेजरमेंट एफिशिएंसी 20 से बढ़कर 99 प्रतिशत हो गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- 'सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण अभियान 2.0' के तहत वर्ष 2018 से प्रति वर्ष सितम्बर माह को 'राष्ट्रीय पोषण माह' के रूप में मनाया जा रहा है।
- **उद्देश्य :** सामुदायिक भागीदारी और विभिन्न विभागों एवं मंत्रालयों के सहयोग से स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना।

**राष्ट्रीय पोषण माह - 2025 के प्रमुख कार्यक्रम :**

- "पढ़ाई भी – पोषण भी" के तहत 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मेंटर शिक्षकों को प्रशिक्षण देना।
- 6 माह से 2 वर्ष तक के बच्चों के शिशु आहार और पोषण संबंधी जानकारी देना।
- स्वास्थ्य और पोषण में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने हेतु समुदाय को प्रेरित करना।
- 'वोकल फॉर लोकल' को प्रोत्साहित करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्थानीय, किफायती सामग्री से बच्चों के लिए खिलौने और शैक्षिक उपकरण तैयार करने हेतु समुदाय को जागरूक करना।
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा "स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार" थीम पर महिलाओं की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें कराना।

**पोषण अभियान:**

- कुपोषण की समस्या के निराकरण के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा देश भर में 8 मार्च, 2018 को 'पोषण अभियान' की शुरुआत की गई।
- कुपोषण संबंधी समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए यह एक फ्लैगशिप कार्यक्रम है।
- **उद्देश्य :** समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण संबंधी कमियों में सुधार करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### पोषण ट्रैकर ऐप:

- 'पोषण ट्रैकर' एक मोबाइल आधारित ऐप्लीकेशन है, जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 1 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (NEGD) के माध्यम से शुरू किया गया।
- इस ऐप द्वारा बच्चों में स्टंटिंग, वेस्टिंग, कम वजन की व्यापकता की सशक्त पहचान और पोषण सेवा वितरण की ट्रैकिंग की जा रही है।
- साथ ही इस ऐप के माध्यम से आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवाओं के कुशल वितरण में सहायता एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# थैलेसीमिया कुटुंब योजना

## चर्चा में क्यों?

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 17 सितंबर, 2025 को जयपुर के RUHS अस्पताल परिसर से 'थैलेसीमिया कुटुंब योजना' का शुभारंभ किया।**




## मुख्य बिन्दु:

- **इस योजना के तहत कोई भी एक संस्था एक थैलेसीमिया बच्चे के लिए वर्ष में 15-20 यूनिट रक्तदान की जिम्मेदारी लेगी। राजस्थान में लगभग 4 हजार बच्चे थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### थैलेसीमिया (Thalassaemia)

- थैलेसीमिया एक वंशानुगत रक्त विकार है, जिसके कारण शरीर में हीमोग्लोबिन सामान्य से कम हो जाता है।
- हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में मौजूद होता है और लाल रक्त कोशिकाओं को ऑक्सीजन ले जाने में मदद करता है।
- पर्याप्त हीमोग्लोबिन या लाल रक्त कोशिकाओं की कमी से एनीमिया नामक बीमारी हो सकती है। थैलेसीमिया माता-पिता से जीन उत्परिवर्तन विरासत में मिलने के कारण होता है।
- **विश्व थैलेसीमिया दिवस :** प्रति वर्ष 8 मई को मनाया जाता है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- मुख्यमंत्री द्वारा 17 सितंबर, 2025 को 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम' के अंतर्गत 'मनदर्पण कार्यक्रम' की शुरूआत।
- 20 करोड़ रुपये की लागत से जेके लोन अस्पताल में नवनिर्मित कार्डियोथोरेसिक एवं वेस्कुलर सर्जरी इकाई का लोकार्पण।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पैलेस ऑन व्हील्स

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान पर्यटन विभाग की कमिश्नर और RTDC की प्रबंध निदेशक रुक्मणि रियार ने नई दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से शाही ट्रेन 'पैलेस ऑन व्हील्स' को हरी झंडी दिखाकर राजस्थान भ्रमण के लिए रवाना किया।




## मुख्य बिन्दु:

- पैलेस ऑन व्हील्स हर सीजन में पर्यटकों को राजस्थान की कला, संस्कृति और विरासत से जुड़े प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर कराती है।
- पर्यटकों को राजस्थानी कला संस्कृति और विरासत से रूबरू करवाने के लिए चलाई जाने वाली इस शाही ट्रेन का इंटीरियर पूर्ण रूप से राजस्थानी महलों की तर्ज पर बनाया गया है।
- पैलेस ऑन व्हील्स को भारत की पहली लग्जरी ट्रेन माना जाता है, जिसमें पर्यटक राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहर, महल, किले और रेगिस्तानी सौंदर्य का अनुभव करते हैं।
- वर्ष 1982 में शुरू की गई 'पैलेस ऑन व्हील्स' को राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) और भारतीय रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **17 सितम्बर से ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का शुभारम्भ**<br>▪ **ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ :** बस्सी की ग्राम पंचायत टोडाभाटा के बिराजपुरा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।<br>▪ **शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ :** मालवीय नगर, जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।<br>▪ **स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का शुभारंभ :** जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 17 सितंबर, 2025 को। |
| 2. | **75वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता**<br>▪ राजस्थान की बालक वर्ग टीम ने '75वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता' में कांस्य पदक जीता।<br>▪ **प्रतियोगिता का आयोजन :** लुधियाना, पंजाब में।<br>▪ राजस्थान टीम ने केरल को हराया। |
| 3. | **डॉ. सुनील तंवर**<br>▪ जयपुर निवासी डॉ. सुनील तंवर यूरोपियन एकेडमी ऑफ फेशियल प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी (EAFPS) बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में इंटरनेशनल एग्जामिनर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बने।<br>▪ सितंबर, 2025 में आयरलैंड के डबलिन शहर में आयोजित होने वाली इस बोर्ड परीक्षा में यूरोप और अन्य देशों के ENT एवं प्लास्टिक सर्जन भाग लेंगे। |
| 4. | **गंगा-भैरव घाटी में लेपर्ड सफारी**<br>▪ हाल ही में, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के काजीपुरा, खरेखड़ी, अजयसर और आस-पास के क्षेत्र में फैली गंगा-भैरव घाटी में लेपर्ड सफारी विकसित किए जाने की घोषणा की। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## विश्वस्तरीय ब्लू पोर्ट्स अवसंरचना: भारत और FAO के मध्य समझौता

### चर्चा में क्यों?

- मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग ने भारत में ब्लू पोर्ट के बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिए FAO के साथ एक तकनीकी सहयोग कार्यक्रम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।



### मुख्य बिन्दु:

- **समझौता :** भारत और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के मध्य।
- **कुल निवेश :** 369.8 करोड़ रुपये।
- **चयनित बंदरगाह :** तीन पायलट बंदरगाहों, दीव में वनकबारा, पुडुचेरी में कराईकल और गुजरात में जखाऊ को मंज़ूरी दी गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उन्नत तकनीक से लेस : मत्स्य बंदरगाहों पर दक्षता और सेवा वितरण को बढ़ाने में 5G, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म जैसी उन्नत तकनीकों को शामिल किया जाएगा।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


| पश्चिमी तट के प्रमुख बंदरगाह | | पूर्वी तट के प्रमुख बंदरगाह | |
|---|---|---|---|
| बंदरगाह | विशेष विवरण | बंदरगाह | विशेष विवरण |
| कोचीन बंदरगाह (केरल) | ई-पोर्ट का दर्जा पाने वाला भारत का पहला बंदरगाह | एन्नोर बंदरगाह या कामराजार (तमिलनाडु) | भारत का पहला कॉर्पोरेट बंदरगाह तथा भारत में पर्यावरण अनुकूल बंदरगाह |
| न्यू मैंगलोर पोर्ट (कर्नाटक) | यह बंदरगाह कर्नाटक के प्रवेशद्वार के रूप में जाना जाता है। | चेन्नई बंदरगाह (तमिलनाडु) | भारत का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह |
| मोरमुगाओ बंदरगाह (गोवा) | भारत का प्रमुख लौह अयस्क निर्यातक । | तूतीकोरिन बंदरगाह या वीओचिदंबरनार बंदरगाह (तमिलनाडु) | भारत का मोती बंदरगाह |
| जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह या न्हावा शेवा, मुंबई (महाराष्ट्र) | भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह। | विशाखापत्तनम बंदरगाह या विजाग बंदरगाह (आंध्र प्रदेश) | सबसे गहरा कंटेनर टर्मिनल |
| मुंबई बंदरगाह (महाराष्ट्र) | भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह और कपास बंदरगाह | पारादीप बंदरगाह (ओडिशा) | स्वतंत्र भारत में पूर्वी तट पर स्थापित पहला प्रमुख बंदरगाह |
| कांडला बंदरगाह या दीनदयाल बंदरगाह (गुजरात) | ज्वारीय बंदरगाह तथा स्वतंत्रता के बाद विकसित पहला बंदरगाह। | कोलकाता बंदरगाह (पश्चिम बंगाल) | भारत का एकमात्र नदी तटीय प्रमुख बंदरगाह। |
| | | पोर्ट ब्लेयर बंदरगाह (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) | वर्ष 2010 में घोषित भारत का 13वां और सबसे नवीन प्रमुख बंदरगाह |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन', 2025

## चर्चा में क्यों?

- 18 व 19 सितम्बर, 2025 को नई दिल्ली में 'मंथन', 2025 का आयोजन किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **उद्घाटन :** रक्षा मंत्री द्वारा।
- **आयोजक :** रक्षा संपदा महानिदेशालय (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ डिफेन्स एस्टेट्स)।
- **विषय :** "स्ट्रेटेजिक रोडमैप टू विकसित भारत @2047" ।
- **उद्देश्य :** बदलते परिदृश्य में रक्षा भूमि प्रबंधन की नई भूमिका, उन्नत डिजिटल उपकरणों एवं तकनीकों के उपयोग से बेहतर शासन व्यवस्था और स्थायित्व को सुदृढ़ करना।
- दो दिवसीय सम्मेलन रक्षा भूमि प्रबंधन की पुनर्कल्पना, उन्नत डिजिटल उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने तथा शासन ढाँचे और स्थिरता को मज़बूत करने में रक्षा संपदा विभाग की उभरती भूमिका पर केंद्रित

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुडुचेरी विधानसभा : 'कारोबार सुगमता विधेयक 2025'

## चर्चा में क्यों?

- अनुपालन बोझ को कम करने और उद्योगों एवं व्यवसायों के लिए समयबद्ध मंजूरी सुनिश्चित करने के लिए, पुडुचेरी विधानसभा ने ऐतिहासिक पुडुचेरी व्यापार सुगमता (सेवा वितरण) विधेयक, 2025 पारित किया।




## मुख्य बिन्दु:

### प्रावधान :

1. इस विधेयक में अनुमोदन के प्रत्येक चरण के लिए सख्त समय-सीमा निर्धारित की गई है।
2. देरी की स्थिति में मान्य अनुमोदन का प्रावधान है।
3. प्राधिकारियों द्वारा अनुपालन न करने पर दंड का प्रावधान है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

#### अगस्त, 2025 तक भारत का व्यापार :

| | |
|---|---|
| निर्यात (Exports) | 35.1 अरब डॉलर |
| आयात (Imports) | 61.59 अरब डॉलर |
| व्यापार घाटा (Trade Deficit) | 26.49 अरब डॉलर |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## यूरेशियन आर्थिक संघ (Eurasian Economic Union)

### चर्चा में क्यों?

- भारत तथा यूरोपीय आर्थिक आयोग ने नवंबर से मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर वार्ता शुरू करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (EAEU) के साथ अर्ली-हार्वेस्ट FTA के प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया।

### मुख्य बिन्दु:

- **अर्ली-हार्वेस्ट FTA:** ये दो व्यापारिक भागीदारों के बीच पूर्ण FTA संपन्न होने के पहले किए जाने वाले समझौते होते हैं। ये FTA के लागू होने से पहले ही कुछ निश्चित वस्तुओं पर प्रशुल्कों को कम कर देते हैं।




### यूरेशियन आर्थिक संघ:

- यह यूरेशियन आर्थिक संघ संधि के तहत स्थापित एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। इसका लक्ष्य सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण सुनिश्चित करना है।
- **सदस्य देश:** आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य और रूस।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नरसंहार के अपराध की रोकथाम और दंड पर अभिसमय

## चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की रिपोर्ट में गाजा में इजरायल की कार्रवाई का कानूनी विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। (नरसंहार के अपराध की रोकथाम और दंड पर अभिसमय के संबंध में)

## मुख्य बिन्दु:

- इस अभिसमय को जेनोसाइड कन्वेंशन भी कहा जाता है।

### जेनोसाइड कन्वेंशन:

- इसके अनुसार "किसी राष्ट्रीय, नृजातीय, नस्लीय या धार्मिक समूह को पूरी तरह या आंशिक रूप से समाप्त करने के इरादे से की गई कार्रवाई" नरसंहार है।
- नरसंहार एक ऐसा अपराध है जो युद्ध और शांति, दोनों समय में घटित हो सकता है।
- **पक्षकार:** 41 हस्ताक्षरकर्ता और 153 पक्षकार देश हैं।
- भारत ने 1949 में इस अभिसमय पर हस्ताक्षर किया और 1959 में इसकी अभिपुष्टि की।
- अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) इस अभिसमय की व्याख्या और लागू करने से संबंधित मामलों का न्याय-निर्णयन करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मोजाम्बिक: चर्चित स्थल

## चर्चा में क्यों?

- भारत और मोजाम्बिक के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल पूरे हुए।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

**भौगोलिक अवस्थिति**

- **राजधानी:** मापुटो
- **स्थिति:** दक्षिण-पूर्व अफ्रीका।
- **स्थलीय सीमाएं:** उत्तर में तंजानिया, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम में साउथ अफ्रीका और एस्वातिनी (स्वाज़ीलैंड), पश्चिम में जिम्बाब्वे तथा उत्तर-पश्चिम में जाम्बिया और मलावी।
- **निकटवर्ती जल निकाय:** पूर्व में मोजाम्बिक चैनल (हिंद महासागर), उत्तर-पश्चिम में न्यासा झील।
- **जलवायु:** उष्णकटिबंधीय आर्द्र।
- **नदियां:** ज़ांबेज़ी, लिम्पोपो, सावे, रुवुमा, आदि।
- **सबसे ऊँचा पर्वत:** मोंटे बिंगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## आदि कर्मयोगी अभियान

**चर्चा में क्यों?**

- प्रधान मंत्री ने मध्य प्रदेश के धार जिले से आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की है।

**मुख्य बिन्दु:**

- यह विकेन्द्रीकृत जनजातीय नेतृत्व और गवर्नेंस इकोसिस्टम बनाने के लिए एक राष्ट्रीय पहल है।
- यह जनजातीय कार्य मंत्रालय की प्रमुख पहल है।

**उद्देश्य और लक्ष्य**

- इसका उद्देश्य विश्व में जमीनी स्तर का सबसे बड़ा जनजातीय नेतृत्व वाला मिशन बनकर 1 लाख गांवों के 11 करोड़ जनजातीय लोगों को सशक्त बनाना है।
- इसका लक्ष्य जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर के 20 लाख अधिकारियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और जनजातीय युवाओं को आदि कर्मयोगी (जमीनी स्तर के नेता) के रूप में तैयार करना है। इससे उत्तरदायी शासन और प्रत्येक व्यक्ति तक सेवाओं एवं योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सकेगी।

**मुख्य विशेषताएं: नेतृत्व के तीन स्तंभ**

- **आदि कर्मयोगी (सरकारी अधिकारी):** ये राज्य, जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर शासन के प्रमुख संचालक होते हैं। ये योजनाओं के समन्वय, संस्थागत समर्थन एवं उत्तरदायी वितरण को सुनिश्चित करते हैं।
- **आदि सहयोगी (युवा, शिक्षक व डॉक्टर):** ये अभिप्रेरित सेवा प्रदाता और शिक्षित जनजातीय युवा होते हैं, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, जागरूकता व नवाचार की उपलब्धता को सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।
- **आदि साथी (SHG के सदस्य, ग्रामीण, जनजातीय बुजुर्ग):** ये जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाले और समुदाय के मार्गदर्शक होते हैं। ये लोगों को संगठित करते हैं, परंपराओं का संरक्षण करते हैं और स्थानीय ज्ञान को बरकरार रखते हैं।
- **समन्वय या अभिसरण:** पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA 2.0) जैसी योजनाओं को एकीकृत किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) ने EVM बैलेट पेपर को अच्छी तरह से पढ़ने लायक बनाने के लिए निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 49B में संशोधन किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- अब EVM पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें दिखाई जाएंगी। इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी।
- निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 का नियम 49B
- यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत कानूनी प्रावधान है, जो भारत में चुनावों के संचालन को प्रशासित करता है।
- **प्रावधान:** मतदान, वोट डालने और मतगणना के लिए प्रक्रियाएं एवं चुनाव अधिकारियों, उम्मीदवारों आदि की ज़िम्मेदारियां।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति: जेंडर स्नैपशॉट 2025 रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- UN वीमेन और UN-DESA (संयुक्त राष्ट्र-आर्थिक और सामाजिक कार्य विभाग) ने हाल ही में सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति: जेंडर स्नैपशॉट 2025 रिपोर्ट जारी की है। इसमें सभी 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के मामले में वैश्विक स्तर पर लैंगिक समानता की स्थिति को प्रस्तुत किया गया है।

### मुख्य बिन्दु:

- **गरीबी और खाद्य सुरक्षा:** 37.6 करोड़ महिलाएं यानी विश्व की 9.2% महिलाएं चरम गरीबी में जीवन जी रही हैं। एनीमिया के प्रसार में 2030 तक 33% तक की वृद्धि का अनुमान है।
- **स्वास्थ्य:** मातृ मृत्यु दर में 2000–23 के बीच 39% की कमी आई है। हालांकि, महिलाएं पुरुषों की तुलना में औसतन 3 वर्ष अधिक खराब सेहत के साथ जीवन बिताती हैं।
- **शिक्षा:** नामांकन के मामले में लड़कियां लड़कों से आगे रहीं हैं। हालांकि, अफ्रीका और एशिया में माध्यमिक शिक्षा पूरी करने में वे पिछड़ जाती हैं।
- **नेतृत्व और कार्य:** संसद में महिलाओं की भागीदारी 27% है और 30% प्रबंधन पदों पर महिलाएं कार्यरत हैं।
- **लैंगिक हिंसा:** 12% महिलाएं अपने नजदीकी साथी द्वारा हिंसा की शिकार होती हैं और 19% लड़कियों की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हो जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **डिजिटल डिवाइड:** 65% महिलाएं इंटरनेट से जुड़ी हैं, जबकि पुरुषों में यह औसत 70% है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑटोमेशन की वजह से महिलाओं की नौकरियां अधिक खतरे में हैं।
- **जलवायु और संसाधन:** जलवायु परिवर्तन की वजह से 15.8 करोड़ और अधिक महिलाएं गरीबी रेखा के नीचे जा सकती हैं। 89.6 करोड़ महिलाओं के पास खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन उपलब्ध नहीं है।
- **शांति और सुरक्षा:** 2024 में 67.6 करोड़ महिलाएं प्राण-घातक संघर्ष वाले क्षेत्रों में रह रहीं थीं।
- **इंटरसेक्शनैलिटी:** दिव्यांग महिलाओं को प्रजनन अधिकार, इंटरनेट से जुड़ने और राजनीतिक भागीदारी में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

**बीजिंग+30 एक्शन एजेंडा के तहत प्राथमिक कार्य-योजना**

- **डिजिटल क्रांति:** पुरुषों और महिलाओं के बीच डिजिटल डिवाइड को समाप्त करना ।
- **गरीबी से मुक्ति:** सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य-देखभाल, शिक्षा और केयर-इकोनॉमी में निवेश बढ़ाना।
- **हिंसा से मुक्ति:** कानून बनाकर और सेवाओं के माध्यम से महिलाओं के खिलाफ हिंसा का उन्मूलन।
- **निर्णय लेने में महिलाओं को समान अधिकार:** राजनीति और शासन में महिला-नेतृत्व को बढ़ाना।
- **शांति और सुरक्षा:** 'महिला, शांति और सुरक्षा एजेंडा' को पूर्ण वित्त-पोषण प्रदान करना तथा इसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना।
- **जलवायु न्याय:** जलवायु कार्य-योजना और संसाधन पर अधिकारों के मामले में महिलाओं के पक्ष को शामिल करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## नमो ऐप

### चर्चा में क्यों?

- नमो ऐप पर ‘सेवा पर्व 2025’ नामक विशेष 15 दिवसीय डिजिटल स्वयंसेवा अभियान की शुरुआत की गई है।




### मुख्य बिन्दु:

- **अवधि :** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025
- **उद्देश्य :** प्रधानमंत्री की सेवा भावना और उनके जीवनभर की राष्ट्र प्रथम प्रतिबद्धता को सम्मानित करना।
- सेवा पर्व 2025 के तहत नमो ऐप पर कई इंटरैक्टिव अनुभव उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें 15 तरह के सेवा कार्य शामिल हैं, जैसे ‘एक पेड़ माँ के नाम’ पहल के तहत पेड़ लगाना, रक्तदान करना और स्वच्छ भारत अभियान में भाग लेना।
- हर सेवा कार्य को पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को अपनी सेल्फी अपलोड करनी होगी। सबसे अधिक सक्रिय यूजर्स को ‘सेवा लीडरबोर्ड’ पर सम्मानित किया जाएगा।
- इस अभियान में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन को दर्शाने वाली एक वर्चुअल प्रदर्शनी भी शामिल है, जिसका शीर्षक है- ‘सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा 75 वर्ष’।
- सेवा पर्व, 2025 में ‘नमो पुस्तक संग्रह’ भी विमोचित किया गया।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

- यह प्रधानमंत्री मोदी का आधिकारिक ऐप है।
- 'नमो' ऐप पर 'जन मन सर्वे' शुरू किया गया था।


उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## SECL विश्वकर्मा पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?



- 17 सितंबर, 2025 को कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) ने भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित अपने मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में 75 कोयला खनन कर्मियों को SECL विश्वकर्मा पुरस्कारों से सम्मानित किया।

### मुख्य बिन्दु:

- SECL विश्वकर्मा पुरस्कारों के पहले संस्करण में SECL की खदानों में खनन कार्यों, रखरखाव, पर्यवेक्षण और संबद्ध भूमिकाओं में कार्यरत कर्मियों के साहस, समर्पण और अनुकरणीय सेवा को सम्मानित किया गया।
- इस अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान और "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025" का भी शुभारंभ हुआ।
- **"SECL -17: विश्वकर्मा सेवा संकल्प" अभियान :** SECL ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अपने दस परिचालन जिलों में "एसईसीएल-17: विश्वकर्मा सेवा संकल्प" नामक एक विशेष एक दिवसीय अभियान भी संचालित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महोत्सव

## 14वाँ सिराराखोंग हथेई मिर्च महोत्सव : मणिपुर

### चर्चा में क्यों?

- मणिपुर में, उखरुल ज़िले के सिराराखोंग गाँव में 14 दिवसीय, 14वें सिराराखोंग हथेई मिर्च महोत्सव का उद्घाटन किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **उद्देश्य :** सिराराखोंग गाँव में उगाई जाने वाली एक जीआई-टैग मिर्च प्रजाति सिराराखोंग हथेई को बढ़ावा देना, जो देश में अपनी अनूठी सुगंध और स्वाद के लिए जानी जाती है।
- स्थानीय किसानों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक क्रेता-विक्रेता बैठक का भी आयोजन किया गया।
- राष्ट्रव्यापी पहल 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के तहत वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:

### भारत में आयोजित विभिन्न महोत्सव :





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## दोहा ISSF विश्व कप, 2025 : आठ भारतीय निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया

### चर्चा में क्यों?

- आठ भारतीय निशानेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप फाइनल, 2025 के लिए क्वालीफाई किया।




### मुख्य बिन्दु:

**अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (ISSF) विश्व कप फाइनल, 2025 :**

- **आयोजन तिथि:** 4 दिसंबर, 2025
- **आयोजन स्थान :** दोहा, कतर

**आठ भारतीय निशानेबाज :**

1. **मनु भाकर :** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, दो स्पर्धाओं, महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल, में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. सुरुचि सिंह।
3. ओलंपियन ईशा सिंह।
4. पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल।
5. ओलंपियन अर्जुन बबूता।
6. कौर समरा।
7. ओलंपियन विजयवीर सिद्धू।
8. सिमरनप्रीत कौर बराड़।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**निशानेबाज़ी विश्व कप (ISSF World Cup) :**

- **शुरुआत:** वर्ष 1986
- **आयोजक संस्था:** SSF (International Shooting Sport Federation), जो शूटिंग स्पोर्ट्स की वैश्विक संस्था है।
- **इवेंट्स:** यह प्रतियोगिता तीन मुख्य प्रकार की शूटिंग स्पर्धाओं में होती है:

1. राइफल (Rifle)
2. पिस्टल (Pistol)
3. शॉटगन (Shotgun)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्मृति मंधाना

## चर्चा में क्यों?

- ICC महिला विश्व कप 2025 से पहले टीम इंडिया की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने एक बार फिर ICC महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है।




## मुख्य बिन्दु:

- मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे में अर्धशतक लगाया और इंग्लैंड की कप्तान नैट स्किवर-ब्रंट को पीछे छोड़ दिया।

### अन्य खिलाडी:

- **प्रतिका रावल:** भारत की ओपनर प्रतिका रावल ने भी अर्धशतक लगाया और चार पायदान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गईं।
- **हर्लीन देओल :** 54 रन की पारी खेलकर 43वां स्थान हासिल किया।

### अन्य बिंदु:

- पहले वनडे में भारत ने 50 ओवर में 281 रन बनाए, जिसमें रावल, मंधाना और देओल सभी ने अर्धशतक लगाए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **बिहार की पहली महिला फिडे मास्टर : मरियम फातिमा**<br><br>■ हाल ही में, बिहार की मरियम फातिमा राज्य की पहली महिला फिडे मास्टर (WFM) बन गई हैं।<br>■ यह खिताब उन्हें स्पेन के बार्सिलोना में जुलाई और अगस्त, 2025 में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्राप्त हुआ। |
| 2. | **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम**<br><br><br>■ 18 सितम्बर, 2025 को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) नियमों को अंतिम रूप दिया।<br>■ मंत्रालय ने यह सूचना इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट, 2026 के लोगो और प्रमुख गतिविधियों का शुभारंभ करते हुए दी हैं। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ■ DPDP, भारत के डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 द्वारा व्यक्तियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए स्थापित ढाँचे को संदर्भित करता है।<br>■ 500 से ज़्यादा डेटा और AI लैब्स का विस्तार समावेशी विकास, लोकतांत्रिक तकनीक और AI व इलेक्ट्रॉनिक्स में वैश्विक नेतृत्व का मार्ग प्रशस्त करेगा।<br>■ **Note :** भारत, वर्ष 2026 में AI इम्पैक्ट समिट की मेज़बानी करेगा। |
| 3. | **11वाँ तस्करी और नकली व्यापार के विरुद्ध आंदोलन (MASCRADE), 2025**<br><br><br>■ **उद्घाटन :** 18 सितंबर, 2025 को नई दिल्ली में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री द्वारा।<br>■ **आयोजक :** फिक्की।<br>■ **विषय :** "बढ़ता अवैध व्यापार: आर्थिक कल्याण में अस्थिरता"।<br>■ **उद्देश्य :** अवैध व्यापार से निपटते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक तीस ट्रिलियन डॉलर की बनाना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR